बिना सहमति फाइनेंस कराने का आरोप, ट्रैक्टर एजेंसी में फोटो खिंचवाने के बाद शुरू हुआ खेल
घर पहुंचा ट्रैक्टर, सवाल उठाने पर एजेंट बोले- अब लोन हो गया, गाड़ी तो लेनी पड़ेगी...

कोटेशन लेने पहुंचे आदिवासी किसान के नाम पर 9.50 लाख रुपए का लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को कृषि उपकरण और ट्रैक्टर खरीदने के नाम पर फाइनेंस प्रक्रिया में उलझाकर कथित तौर पर बिना पूरी जानकारी दिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने का मामला सामने आया है। ग्राम मुआरसानी निवासी किसान कृपाल उईके, पत्नी छोटी बाई उईके ट्रैक्टर का कोटेशन लेने द्विवेदी एजेंसी पहुंचे थे।

किसान का आरोप है कि यहां एजेंसी के कर्मचारी ने ट्रैक्टर के सामने खड़ा कर उनका फोटो लिया और इसके बाद उनकी जानकारी व सहमति के बिना फाइनेंस की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई। मामला तब सामने आया, जब किसान के परिवार को पता चला कि उनके नाम पर करीब 9.50 लाख रुपए का ऋण तैयार किया जा रहा है।



कोटेशन लेने पहुंचे थे, फोटो खिंची और शुरू हो गया फाइनेंस का खेल

बताया गया कि किसान कृपाल उईके ट्रैक्टर खरीदने की जानकारी और कोटेशन लेने के उद्देश्य से द्विवेदी एजेंसी पहुंचे थे। किसान के अनुसार, इस दौरान एजेंसी के एक कर्मचारी ने उन्हें ट्रैक्टर के पास खड़ा करवाकर फोटो खींची। किसान ने इसे सामान्य प्रक्रिया मान लिया, लेकिन आरोप है कि इसी फोटो और दस्तावेजों के आधार पर आगे फाइनेंस प्रक्रिया शुरू कर दी गई।किसान को कथित तौर पर इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके नाम पर ट्रैक्टर का ऋण स्वीकृत कराने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद एजेंसी से जुड़े लोगों द्वारा ट्रैक्टर को डेमो के रूप में किसान के घर तक पहुंचाया गया। इसी दौरान फाइनेंस कंपनी के एजेंट भी किसान के घर पहुंचे।

कागजों पर हस्ताक्षर कराए, किसान को प्रक्रिया की जानकारी नहीं

किसान का आरोप है कि फाइनेंस कंपनी से जुड़े एजेंट और ट्रैक्टर एजेंसी के कर्मचारियों ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। ग्रामीण किसान होने के कारण कागजी और ऑनलाइन फाइनेंस प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं होने से किसान ने कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिए।इसी बीच परिवार के सदस्य को जानकारी मिली कि किसान के नाम पर ट्रैक्टर के लिए लोन की प्रक्रिया चल रही है। जब परिवार ने इस संबंध में जानकारी ली तो सामने आया कि करीब 9 लाख 50 हजार रुपए के ऋण का मामला है। किसान का कहना है कि उन्होंने न तो इतनी राशि का लोन लेने की सहमति दी थी और न ही बिना पूरी जानकारी के ट्रैक्टर खरीदने का निर्णय लिया था।

सवाल पूछने पर कथित तौर पर बनाने लगे दबाव

मामले में किसान का आरोप है कि जब उन्होंने एजेंसी और फाइनेंस से जुड़े कर्मचारियों से सवाल किए कि उनकी सहमति के बिना लोन की प्रक्रिया कैसे शुरू कर दी गई, तो उन्हें कथित तौर पर दबाव में लेने का प्रयास किया गया। किसान के अनुसार, एजेंसी के कर्मचारियों की ओर से कहा गया कि लोन हो गया है, अब गाड़ी तो लेनी पड़ेगी।किसान का कहना है कि इस तरह की बातों से वह और उसका परिवार परेशान हो गया। एक ओर ट्रैक्टर खरीदने के लिए केवल कोटेशन लेने की बात थी, वहीं दूसरी ओर उसके नाम पर लाखों रुपए का ऋण तैयार किए जाने की जानकारी सामने आ गई। इसके बाद किसान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय थाना पुलिस की मदद लेने का निर्णय लिया।

ग्रामीण किसानों के लिए सवाल

यह मामला केवल एक किसान तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों की खरीद के दौरान होने वाली फाइनेंस प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े करता है। किसान आमतौर पर एजेंसी में ट्रैक्टर देखने, कीमत और कोटेशन लेने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यदि इसी प्रक्रिया के दौरान उनके दस्तावेज लेकर बिना स्पष्ट जानकारी दिए फाइनेंस शुरू कर दिया जाए तो किसान पर बड़ा आर्थिक और कानूनी संकट खड़ा हो सकता है। फाइनेंस कंपनियों और वाहन एजेंसियों द्वारा ऋण स्वीकृत करने से पहले ग्राहक की सहमति, दस्तावेजों की पुष्टि और पूरी प्रक्रिया की जानकारी देना महत्वपूर्ण होता है। खासकर ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे ग्राहकों को ऋण की राशि, ब्याज, किश्त, अवधि और अनुबंध की शर्तों की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराना जरूरी है। मुआरसानी के किसान के मामले में भी यही सवाल उठ रहा है कि जब किसान केवल कोटेशन लेने गया था तो उसके नाम पर करीब 9.50 लाख रुपए के ऋण की प्रक्रिया किस आधार पर आगे बढ़ाई गई।

थाने पहुंचा मामला, एजेंट को बुलाकर पूछताछ

पीड़ित किसान लिखित शिकायत लेकर क्षेत्र के नजदीकी थाने पहुंचा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित एजेंट को बुलाया। किसान की शिकायत और एजेंसी से जुड़े लोगों के बीच बातचीत के बाद डेमो के लिए किसान के घर पहुंचा ट्रैक्टर वापस एजेंसी पहुंचाया गया।बताया गया कि मामले में फाइनेंस कंपनी के एजेंट की ओर से किसान को यह आश्वासन दिया गया कि फाइनेंस फाइल को क्लोज किया जाएगा। हालांकि किसान और उसके परिवार के सामने अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना उनकी स्पष्ट सहमति के इतनी बड़ी राशि के ऋण की प्रक्रिया आखिर कैसे शुरू हुई और दस्तावेजों का इस्तेमाल किस आधार पर किया गया।

फॉर्मोटेक कंपनी का ट्रैक्टर, एल एण्ड टी फाइनेंस कंपनी का मामला

पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आ रही है कि किसान के अनुसार ट्रैक्टर के सामने फोटो खिंचवाने से शुरू हुआ घटनाक्रम कुछ ही समय में फाइनेंस प्रक्रिया तक पहुंच गया। इसके बाद डेमो ट्रैक्टर किसान के घर पहुंचा और फाइनेंस कंपनी के एजेंट भी दस्तावेजों के साथ वहां पहुंच गए। किसान का आरोप है कि उसे वास्तविक स्थिति की जानकारी तब हुई, जब परिवार के सदस्यों ने लोन की जानकारी को लेकर सवाल उठाए। अब किसान चाहता है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और यदि उसकी सहमति के बिना दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फाइनेंस प्रक्रिया शुरू की गई है तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही किसान के नाम पर तैयार की जा रही ऋण प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए, ताकि भविष्य में उसके सामने किसी तरह की आर्थिक परेशानी न खड़ी हो। फिलहाल फाइनेंस कंपनी के एजेंट द्वारा फाइनेंस फाइल क्लोज करने की बात कही गई है। लेकिन इस पूरे मामले ने ग्रामीण इलाकों में ट्रैक्टर खरीदने वाले किसानों की फाइनेंस प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इनका कहना है

किसान के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी नहीं की गई है। किसान को कोई भड़का रहा है इसीलिए किसान ऐसी हरकत कर रहा है। किसान ने स्वयं फाइनेंस करवाया है और ट्रैक्टर लिया है और सारी प्रक्रिया किसान की सहमति से की गई है। हमारे द्वारा कभी किसी को जबरदस्ती विक्रय नहीं किया जाता।
सुशील द्विवेदी, संचालक फॉर्मोटेक ट्रैक्टर

मेरे द्वारा सिर्फ कोटेशन लेने की प्रक्रिया की गई थी परंतु मुझे जबरदस्ती ट्रैक्टर पकड़ाया जा रहा है। मेरे साथ धोखाधड़ी की जा रही है।
पीड़ित छोटी बाई उइके, ग्राम मुआरसानी, हर्रई

रावण के अत्याचार से हलाकान हुई धरा, श्रीराम का हुआ जन्म

स्थानीय छोटी बाज़ार में किरीट मुकुट पूजन से श्रीराम लीला का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार में खेली जाने वाली 14 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का मंचन प्रारम्भ हो गया है। रामलीला मण्डल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि किरिट-मुकुट एवं मंच पूजन के साथ रामलीला की विधिवत शुरुआत हो चुकी है। पूजन एवं लीला में अतिथि उपस्थित रहे एवं श्री रामलीला मंडल के संरक्षक मार्गदर्शक कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर, सतीश दुबे लाला, अध्यक्ष अरविंद राजपूत, सचिव राजेंद्र आचार्य सहित समस्त सहित वरिष्ठ संरक्षकगण उपस्थित रहे। सभी का स्वागत समिति द्वारा किया गया।

मंडल के सहनिर्देशक मिंटू सराठे ने बताया कि रावण, कुम्भकर्ण एवं विभीषण की घोर तपस्या का चित्रण किया गया। मनवांच्छित वरदान प्राप्त करके रावण ने अहम के वशीभूत होकर पृथ्वी में ऋषि मुनियों एवं देवताओं पर अत्याचार, यज्ञ विध्वंस एवं अनाचार करना प्रारम्भ किया।

रावण के अत्याचार एवं विजय यात्रा का चित्रण विशेष लाइट, साउंड इफेक्ट एवं स्मोक इफेक्ट के सम्मिश्रण से प्रदर्शित किया गया। रावण के अत्याचारो से प्रताड़ित होकर सभी देवी एवं देवता श्री हरि विष्णु की शरण मे पहुँचते है। तब विष्णु जी बताते है कि वें अयोध्या के राजा दशरथ के घर राम के रूप अवतरित होंगे एवं पृथ्वी को असुरों के अत्याचारो से मुक्त करेंगे। रावण के अत्याचारों का अंत करने के लिए भगवान श्री राम जन्म लिया। सहनिर्देशक नरेंद्र चंदेल ने बताया कि आज मुनि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन, श्रीराम द्वारा ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया जावेगा। मण्डल के उपाध्यक्ष मयंक चौरसिया, कुशल शुक्ला, ट्विंकल चरनागर, आशु चौरसिया, सावन जैन समन द्विवेदी, विक्कू विश्वकर्मा एवं शेखर शर्मा ने दर्शकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लीला अवश्य देखें साथ ही लीला का आनंद यूट्यूब एवं स्थानीय चैनल के सीधे प्रसारण से भी ले सकते है।

पांढुर्णा की पहली महिला पुलिस कप्तान बनी विदिता



पांढुर्णा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला किसानों द्वारा बीच सडक पर रोकने की गाज एसपी पांढुर्णा प्रकाशचंद्र पर गिरी। इनका तबादला पुलिस मुख्यालय भोपाल हुआ हैं सीएम के लौटने के सिर्फ दो दिनों उपरांत ही एसपी पांढुर्णा को यहां से हटा दिया गया। पांढुर्णा जिला पुलिस का कप्तान शासन ने अब 2021 बैच की आई.पी.एस. अधिकारी विदिता धनखड को बना दिया है। गौरतलब है कि, वर्तमान में विदिता धनखड ग्वालियर में विशेष सशस्त्र बल की दूसरी वाहिनी में सेनानी के रूप में पदस्थ थी। उल्लेखनीय है कि, विदिता धनखड पांढुर्णा जिले की पहली महिला पुलिस कप्तान होगी। प्रकाशचंद्र परिहार को लगभग 5 माह की अवधि पूरी होने पर भोपाल पदस्थ कर दिया गया है। हालांकि, प्रशासनिक आदेश में प्रकशचंद्र परिहार के तबादले के किसी कारण का उल्लेख नहीं किया है। लेकिन सीएम डॉ. मोहन यादव के पांढुर्णा दौरे में किसानों का अचानक मुख्यमंत्री का विशेष वाहन रोक देना चर्चा का विषय बना हुआ था।

बारिश की कमी से संकट में खरीफ फसलें, कांग्रेसियों ने बैलगाडी रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



पांढुर्णा। क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण खरीफ की फसलों पर गहराए संकट के बीच पांढुर्णा जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदनवाड़ी के अध्यक्ष रवि खापरे के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के किसानों ने नांदनवाडी ब्लॉक में बैलगाडियों पर किसान रैली का आयोजन किया। इसके बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर फसल क्षति का सर्वे कराने और जिले को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार, खरीफ सीजन में अपेक्षित वर्षा न होने से खेतों में नमी की भारी कमी हो गई है, जिसका सीधा असर फसलों की पैदावार पर पड़ा है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर पर समय रहते किसानों के हित में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र के किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि पांढुर्णा क्षेत्र को बिना किसी देरी के सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में ग्रामवार सर्वेक्षण कराकर वास्तविक नुकसान का सटीक आकलन किया जाए और किसानों को उचित मुआवजा व आर्थिक राहत उपलब्ध कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने किसानों के कृषि ऋण माफ करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग, 10 से 13 लाख का सामान खाक, टला बड़ा हादसा

पीड़ित परिवार ने की शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर में मंगलवार रात को एक भयानक हादसे ने सब कुछ तबाह कर दिया। साप्ताहिक बाजार परिसर सब्जी मंडी के पास स्थित चंदू कुराडे की कपड़े की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में दुकान में रखे कपड़े, ऊनी, फ्लावर डेकोरेशन सामान और अन्य सामग्री जलकर पूरी तरह खाक हो गई, जिससे लगभग 10 से 13 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल पा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार समय रहते सौंसर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर सफलतापूर्व काबू पा लिया। इससे आग आसपास की अन्य दुकानों तक नहीं फैल पाई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार चंदू कुराडे ने दर्द साझा करते हुए बताया कि वे दुकान बंद करके घर गए थे। फोन आने और अचानक आग की लपटों आकाश में धुंए को देखकर वे तुरंत दौड़े, लेकिन तब तक उनकी जिंदगी भर की पूंजी आग में जलकर राख हो चुकी थी। उन्होंने राहत की सांस लेते हुए बताया कि वे अक्सर रात में दुकान के भीतर ही सोते हैं। यदि यह आग रात 12 बजे के बाद लगती, तो शायद वे भी जलकर इसमें राख हो जाते। इस आग ने न केवल सामान जलाया, बल्कि हंसते-खेलते परिवार की रोजी-रोटी का इकलौता सहारा भी छीन लिया। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपना जीवन-बसर शुरू कर सकें।

मां हिंगलाज मंदिर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

जुन्नारदेव। नगर की पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में चल रहे स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब मां हिंगलाज मंदिर और दुर्गा मंदिर मुख्य मार्ग अंबाला में शुक्रवार 9 अक्टूबर को प्रातः 06 बजे सेम व्य स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कन्हान बचाओ मंच एवं महाकाल ग्रुप अंबाड़ा के सामूहिक प्रयास से एवं जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र वासियों, नगर वासियों, जनप्रतिनिधि एवं शासन प्रशासन के सहयोग से चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को स्वच्छ रखना है अभियान के तहत मां हिंगलाज मंदिर परिसर के साथ-साथ, जुन्नारदेव-छिंदवाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित मां दुर्गा मंदिर अंबाड़ा में भी स्वच्छता की अलग जगाना है। इस पुनीत और जनहित के कार्य में स्वेच्छा से जुड़ने के लिए आयोजकों ने अपील की है। जुन्नारदेव क्षेत्र में सभी का एकत्रीकरण स्थल सुबह 06 बजे चर्च तिराहा रहेगा, जहां से स्वच्छता अभियान की अलग जगाने सैकड़ो लोग एक साथ माता हिंगलाज मंदिर परिसर की ओर आगे बढ़ेंगे।

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी कर रही कार्यवाहियां

3000 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट, 40 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



क्षेत्र में लगातार सौसर आबकारी विभाग द्वारा निरतर कार्यवाही की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आबकारी वृत्त सौंसर की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी दबिश देते हुए अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। आबकारी वृत्त सौंसर द्वारा ग्राम मेंहदीपठार एवं कुडडम क्षेत्र में औचक दबिश दी गई। कार्रवाही के दौरान मौके पर चालू भट्टी मिलने के साथ ही, नालों और जंगल में झाड़ियों के पास पन्नियों में छिपाकर रखा गया लगभग 3,000 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया। टीम ने मौके से 40 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब भी जब्त की।

इस अवैध गतिविधियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(1) च के अंतर्गत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई को सफल बनाने में वृत्त प्रभारी कु. भारती गौंड तथा आरक्षक जितेंद्र धुर्वे एवं भावना हेड़ाऊ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग द्वारा दी गई चेतावनी के अनुसार अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अल्पवर्षा से प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

बुधवार को पांढुर्णा जिले में इस वर्ष कम वर्षा के कारण किसानों को हुए भारी फसल नुकसान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा नेता राहुल मोहड़ के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन करने और किसानों को शासन की ओर से उचित मुआवजा दिलाने की पुरजोर मांग उठाई। चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इस साल अपेक्षित वर्षा न होने से खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है।

सांसद ने कहा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाये

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी को निभानी होगी भूमिका : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की अविरल सेवा-संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों से निकली सेवा ज्योति कलश यात्राओं का छिंदवाड़ा में संगम हुआ।

यात्राओं के स्वागत एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दशहरा मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने देखा और सुना। सांसद बंटी विवेक साहू कार्यकर्ताओं के साथ में दोपहिया वाहन से ही दशहरा मैदान पहुंचे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब देशवासियों ने किसी बड़े लक्ष्य को लेकर सामूहिक संकल्प लिया है, तब-तब नए इतिहास रचे गए हैं।

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे देश की एकजुट शक्ति रही है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो संकल्प देश के सामने रखा गया है, उसे साकार करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज में सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की भावना को बढ़ावा मिला है। विकसित भारत का संकल्प 140 करोड़ देशवासियों के सामूहिक सामर्थ्य और सहभागिता का अभियान है। उन्होंने कहा कि अब देश गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन की चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए विकास, आत्मनिर्भरता और अवसरों के नए युग की ओर बढ़ रहा है।

इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश सौभाग्यशाली है कि उसे ऐसा नेतृत्व मिला है जो निरंतर राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित है। आज शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा है और हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

छिंदवाड़ा। परिषद की परामर्शदाता डॉ लता नागले ने बीएसडब्ल्यू,एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के साथ ग्राम जमुनिया एवं झिरी में ग्रामीणों से उनके घरों घर पहुंचकर सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को जाना गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर
-: इश्तहार : -
राजस्व प्रक्र/0683/अ-6/2026-27
मौजा– छिन्दवाड़ा
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धार्थ पिता एवं केशवजी गोड़बोले निवासी श्रीवास्तव कॉलोनी छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा छिन्दवाड़ा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मण्डल छिन्दवाड़ा-2 नगर तहसील व जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 2114/58 रकबा 0.016 हे0 भूमि के खातेदार दुर्गा बाई उर्फ आशा केशव जी गोड़बोले की मृत्यु होने के उपरांत वारसाने हक के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में पंजीकृत वसीयत के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त विषय पर जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अधिकारी के उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत दिनांक 14.10.26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की मुद्रा के जारी किया गया।
तहसीलदार
छिन्दवाड़ा-नगर

जुन्नारदेव में मनोज का पानीपुरी स्टॉल बना क्षेत्रवासियों की पसंद

पीएम स्वनिधि योजना का मनोज को मिला साथ

कभी शादी-ब्याह में हलवाई का काम कर परिवार चलाने वाले जुन्नारदेव के मनोज जमधरिया आज अपनी पानीपुरी और चाट की दुकान से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन गए हैं। कोरोना काल में रोजगार छिनने के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे मनोज को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का सहारा मिला। योजना के तहत मिले 10 हजार रुपये के पहले ऋण से शुरू हुआ छोटा-सा कारोबार आज 50 हजार रुपये के तीसरे ऋण तक पहुंच चुका है। मेहनत, स्वाद और ग्राहकों के भरोसे ने उनके व्यवसाय को पहचान दिलाई। कभी काम मिलने का इंतजार करने वाले मनोज अब अपने व्यवसाय से परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कभी शादी-पार्टियों में हलवाई का काम करने वाले जुन्नारदेव निवासी श्री मनोज जमधरिया ने शायद नहीं सोचा था कि एक दिन उनकी अपनी पहचान होगी और लोग उनके नाम से पानीपुरी स्टॉल को जानेंगे। लेकिन मेहनत, लगन और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से मिले सहयोग ने उनके जीवन की दिशा बदल दी।

विकासखण्ड जुन्नारदेव के वार्ड क्रमांक-02 विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी श्री मनोज जमधरिया की आमदनी पहले पूरी तरह मौसमी काम पर निर्भर थी। शादी-ब्याह का सीजन रहा तो कुछ कमाई हो जाती थी, नहीं तो परिवार की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो जाता था। कोरोना महामारी के दौरान काम पूरी तरह बंद हो गया और परिवार आर्थिक संकट में घिर गया।इसी बीच उन्हें नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी मिली।

उन्होंने आवेदन किया और 10 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर नगर क्षेत्र में पानीपुरी एवं चाट भंडार की शुरुआत की। शुरुआत छोटी थी, लेकिन स्वाद और व्यवहार ने ग्राहकों का भरोसा जीत लिया। धीरे-धीरे उनका ठेला लोगों की पसंद बनने लगा।

भरोसा बढ़ा तो बढ़ता गया कारोबार

पहले ऋण की किश्तें समय पर चुकाने के बाद उन्हें 20 हजार रुपये का दूसरा ऋण मिला। इससे उन्होंने अपने व्यवसाय को और व्यवस्थित किया। नियमित भुगतान और अच्छे रिकॉर्ड के कारण उन्हें तीसरे चरण में 50 हजार रुपये का ऋण भी स्वीकृत हुआ।आज उनका व्यवसाय पहले से कहीं अधिक मजबूत है। जो व्यक्ति कभी काम मिलने का इंतजार करता था, वह अब अपने स्वयं के व्यवसाय के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण कर रहा है। उनकी दुकान से होने वाली आय ने परिवार को आर्थिक स्थिरता दी है और भविष्य को लेकर आत्मविश्वास भी बढ़ाया है।श्री मनोज जमधरिया बताते हैं कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने कठिन समय में उन्हें नया संबल दिया और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया। वे इस सहयोग के लिए भारत सरकार, मध्यप्रदेश शासन, नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव तथा बैंक प्रबंधन के प्रति हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

इटावा एवं लहगड़ुआ में विधायक सुनील उईके ने किया कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद

अन्याय और अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से सड़क पर उतरना होगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे के निर्देश तथा विधानसभा प्रभारी गोविंद राय के मार्गदर्शन में तामिया ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में 7 अक्टूबर को इटावा एवं लहगड़ुआ मंडलम में विधायक सुनील उईके ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया।बैठक में विधायक सुनील उईके ने कहा कि अब कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरना होगा। भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, आदिवासी, गरीब एवं आम जनता परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी और जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।उन्होंने कहा कि कमलनाथ सरकार ने गांव, गरीब, किसान और आदिवासी वर्ग के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कर क्षेत्र के विकास को गति दी थी, लेकिन भाजपा सरकारों ने कई जनहितैषी योजनाओं को बंद या कमजोर कर दिया। विधायक ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा तथा जनता के अधिकारों के लिए गांव-गांव और बूथ-बूथ पहुंचकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने बताया कि नकुलनाथ जी भी जल्द मंडलम बैठकों में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचेंगे। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अदानी सीमेंट के कंक्रीट टॉक पर सेमिनार



परासिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह, में अदानी सीमेंट के कंक्रीट टॉक पर सेमिनार आयोजन किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों को अदानी सीमेंट द्वारा ₹कंक्रीट टॉक₹विषय पर आधारित विषय विशेषज्ञ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अदानी सीमेंट छिंदवाड़ा के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्री शुभांक शर्मा एवं तकनीकी इंजीनियर श्री जय धुर्वे, श्री प्रतीक साहू दिव्यांश बावरकर तकनीकी सहायक के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के छात्र- छात्राओं को अदानी सीमेंट के ₹कंक्रीट टॉक₹ पर आधारित महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की एवं तकनीकी व्याख्यान के उपरांत क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए जिसमें छात्रों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गयाकार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्री एच. डी. पाटिल, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष श्रीमती रितु मेवाड़े, साथ ही विभाग के श्री रूपेश कुमार, श्री आलोक उइके, श्री विनय बारस्कर एवं संस्था के टी.पी.ओ. श्री लीलेंद्र वासनिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा और कांक्रीट टॉक पर सिविल इंजीनियरिंग की महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय से भगवानदास कमा रहे 18 से 20 हज़ार रुपये प्रतिदिन की आय



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के अमरवाड़ा विकासखंड के ग्राम जमुनिया भूरा निवासी श्री भगवानदास सूर्यवंशी के लिए पशुपालन कभी परिवार के भरण-पोषण का एक साधन मात्र था। सीमित संसाधनों और अवर्णित नस्ल के पशुओं के कारण दुग्ध उत्पादन कम था। बड़े स्तर पर पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी राह में बड़ी बाधा बनी हुई थी। आज वही भगवानदास सूर्यवंशी पशुपालन को वैज्ञानिक एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना से पशुपालन बना लाभ का व्यवसाय व्यवस्थित तरीके से अपनाकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना ने उनके सपने को नई दिशा दी और पशुपालन को एक लाभकारी व्यवसाय में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सीमित संसाधनों से बड़े सपने तक का सफ़र-34 वर्षीय श्री भगवानदास सूर्यवंशी, माध्यमिक शिक्षा प्राप्त हैं। योजना से पहले वे सामान्य रूप से अवर्णित नस्ल के पशुओं का पालन कर जीवन-यापन कर रहे थे।

पशुओं की उत्पादकता कम होने के कारण प्रतिदिन केवल 20 से 25 लीटर दूध का उत्पादन होता था। इससे आय भी सीमित थी और बड़े पैमाने पर डेयरी व्यवसाय शुरू करना संभव नहीं हो पा रहा था। भगवानदास बताते हैं कि उनके मन में हमेशा से पशुपालन को बड़े व्यवसाय के रूप में विकसित करने की इच्छा थी, लेकिन इसके लिए आवश्यक पूंजी उपलब्ध नहीं थी। ऐसे समय में विभागीय योजना की जानकारी उनके लिए उम्मीद की नई किरण बनकर आई। भगवानदास को पशु चिकित्सालय अमरवाड़ा के विकासखंड अधिकारी डॉ. मयंक परवारी के माध्यम से डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की।

पशु शेड से शुरू हुआ वैज्ञानिक पशुपालन का सफर

प्राप्त वित्तीय सहायता से भगवानदास ने लगभग 2500 वर्गफीट क्षेत्र में पशु शेड का निर्माण कराया और 17 दुधारू मैंसवंशीय पशु खरीदे। उन्होंने पशुपालन को केवल पारंपरिक तरीके से करने के बजाय वैज्ञानिक पद्धति अपनाने पर जोर दिया। पशुपालन विभाग के सहयोग से उन्हें पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से पशुओं की देखभाल, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन और दुग्ध उत्पादन को बेहतर बनाने की वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त हुई।20 लीटर से 280 लीटर तक पहुंचा दुग्ध उत्पादन -योजना का सबसे बड़ा असर भगवानदास के डेयरी व्यवसाय पर दिखाई दिया। जहां पहले उनके यहां प्रतिदिन महज 20–25 लीटर दूध का उत्पादन होता था, वहीं अब उत्पादन बढ़कर लगभग 250–280 लीटर प्रतिदिन हो गया है। दुग्ध उत्पादन में आए इस बड़े बदलाव ने उनकी आय और परिवार की आर्थिक स्थिति को नई मजबूती दी है।



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा की कहानी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जुन्नारदेव। नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा की कहानी कार्यक्रम का आयोजन बुधवार साथ अक्टूबर को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो अब्दुल हसन द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य एवं रूपरेखा से संबंधित जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा लगातार देश की तरक्की और प्रगति के लिए कार्य किया जा रहे हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर ए के टांडेकर ने सेवा की कहानी के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शान जो जनता की सेवा कर रहा है वही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है आज शान द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। प्रोफेसर आर के चंदेल द्वारा सेवा की कहानी के अंतर्गत शासन द्वारा दी जा रही विभिन्न छात्रवृत्तियों का जिक्र किया। प्राचार्य डॉ संगीता वाशिंगटन द्वारा शासन की विभिन्न हितग्राही योजना और शासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी सेवा की कहानी सुनाई जिसमें फलक आर द्वारा शासन की विद्यार्थियों को प्राप्त योजनाओं का जिक्र किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अबुल हसन एवं आभार प्रदर्शन सेवा संकल्प अभियान प्रभारी डॉक्टर गुंजा माहोरे द्वारा किया गया।

शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत एवं सायबर सुरक्षा जागरुकता पर व्याख्यान का कार्यक्रम सम्पन्न

वारासिवनी। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 06 अक्टूबर 2026 इंदिरा कक्ष में '' नशामुक्त भारत एवं सायबर सुरक्षा जागरूकता'' थीम पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेडाम के मार्गदर्शन कृष्णा पराते नोडल अधिकारी, विकास साहू संयोजक तथा डॉ0 योगेश बिसेन सह-संयोजक एवं कार्यक्रम प्रभारी दोमदत्त सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। दोमदत्त सिंह द्वारा नशा मुक्त भारत के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य के रूप में डॉ0 ओमकार बावीसटाले एवं पराग पालेवार का विशेष सहयोग रहा।

राहुल-प्रियंका गांधी विचार मंच का किया गया विस्तार



डुलीचंद डोंगरमाली ब्लॉक उपाध्यक्ष, संजय कोस्ते ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय उईके, जिला ट्रेनर भोजेश्वर पटले की अनुशंसा पर जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते व डोंगरमाली में कांग्रेस राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली ने राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का विस्तार किया।

जिसमें डुलीचंद बघेले को डोंगरमाली ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत कोस्ते ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष आड़े, डोंगरमाली ब्लॉक सह सचिव अंजीलाल अवजेकर, कोस्ते ग्रामीण सचिव रमेश टेंभरे, कोस्ते ग्रामीण सह सचिव संजय पटले को नियुक्ति पत्र प्रदान कर कोस्ते कांग्रेस नवागत ग्रामीण अध्यक्ष संजय चौहान का भी स्वागत सम्मान कर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच योगेश टेकाम, उपसरपंच दीवान चौधरी, विनय पटले, तेजराम राऊत, शिव प्रसाद पटले, धनलाल क्षीरसागर, दिलीप क्षीरसागर एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक विवेक पटेल व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने स्कूली बच्चों को खिलाई कृमि नाशक गोली

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का कार्यक्रम वारासिवनी नगर के कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जहॉ पर क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल एवं पूर्व विधायक प्रदीप गुड्डा जायसवाल ने अपने हाथों से स्कूली बालिकाओं को कृमि नाशक गोली खिलाई।

कार्यक्रम में विधायक विवेक पटेल ने बच्चों को नियमित रूप से कृमिनाशक दवा लेने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा हाथों को साबुन से धोने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही बच्चों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास की नींव है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त रखते हुए उनके स्वास्थ्य, पोषण एवं बेहतर विकास को सुनिश्चित करना है। इस दवा के सेवन से बच्चों में एनीमिया, कुपोषण एवं थकान जैसी समस्याओं में सुधार होता है तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जो बच्चे बीमार या अन्य दवाओं का सेवन कर रहे हो, उन्हें यह गोली डॉक्टर के सलाह के बाद ही लेनी है।

इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि शासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि के संक्रमण से मुक्त करना और उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार करना है। इस दौरान उनके साथ नगरपालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे भी उपस्थित रही।

इस कार्यक्रम के साथ ही विधायक विवेक पटेल व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने विद्यार्थियों से उनकी शिक्षा को लेकर भी चर्चा की और उन्हें अपनी पढ़ाई के प्रति सजग रहने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बीएमओ डॉ सत्यम शर्मा, डॉक्टर शशांक बिसेन, अद्वैत शास्त्री, स्नेहा बिसेन, श्रद्धा राहंगडाले, प्राचार्य कुंजीलाल चौहान, शलभ बैस, जगदीश पंजाबी, बी चंद्रबेल, प्रवीण कुमार मालाधारी, वाय आर ऐडे सहित स्कूल स्टाफ व स्कूली छात्राएं मौजूद रही।

ग्राम मौदा में माता मंदिर प्रांगण में तार फेंसिंग के कार्यों में हो रही बाधा को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मौदा में बाजार चौक के बगल में शिव साईं मंदिर निर्माण लगभग 150 वर्ष पूर्व से ग्राम वासियों द्वारा बनाया गया था। वहां पर वर्तमान में उसके सौंदर्यीकरण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा गट'टू व फेंसिंग करना ग्राम वासियों व ग्राम पंचायत द्वारा तय किया गया है। जहां मौदा निवासी विष्णु नागेश्वर द्वारा टीन शेड डालकर अवैध कब्जा किया गया है, जिसके फल स्वरुप महेश नागेश्वर व उनके परिवार तथा विष्णु नागेश्वर द्वारा समिति के ऊपर झूठे आरोप लगाकर काम को रुकवाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों द्वारा मौका जांच के लिए ग्रामीणों व पंचायत के पंचगण द्वारा एसडीम सम्माननीय कमलचन्द सिंहमोर को ज्ञापन सौंपा गया ।जिसमें ग्राम के सरपंच मनमोहन वैध, दिगंबर जौंजारे ,संगीता शिववंशी ,आशीष भोयर, धनेंद्र केकती, ओंकार मारवाड़ी ,सुखचंद खरे, अशोक बाहेश्वर ,मेघराज मारवाड़ी, राजकुमार भोयर, लेखराम मारवाड़ी, लोकचंद, मधुसूदन मारवाड़ी, भीमराव, टेकराम पाचे, मंसाराम मारवाड़ी ,देवेंद्र मते, हीरालाल पाचे ,घनश्याम, अशोक बाहेश्वर ,जीवनलाल मानेश्वर ,घनश्याम राउत, सुखचंद खरे, यशवंत भैयर, राधेलाल चामलाटे ,विवेक कुथे ,राजू केकती ,कृष्ण कुमार खरे, वेंकटराव जौजारे और भी अन्य ग्रामीणों व महिलाएं शामिल रही।



'सेवा मेरा योगदान' अभियान पर सवाल, कॉलेज परिसर की सफाई तक सिमटा अभियान?

गांवों और नदी घाटों तक स्वच्छता अभियान पहुंचाने के दावों पर उठे प्रश्न; महाविद्यालय परिसर में ही गंदगी, दीवारों पर पान-गुटखे के निशान और बदहाल शौचालय की स्थिति का आरोप



हरिभूमि न्यूज लांजी। स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सेवा मेरा योगदान' अभियान को लेकर शासकीय महाविद्यालय लांजी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अभियान के तहत गांवों, शहरों और नदी घाटों सहित सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन आरोप है कि महाविद्यालय स्तर पर यह अभियान वास्तविक जनभागीदारी और व्यापक स्वच्छता गतिविधियों के बजाय महज फोटो खिंचवाने तक सीमित होकर रह गया।महाविद्यालय द्वारा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर उसकी तस्वीरें प्रचारित की गईं। तस्वीरों में महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा साफ-सफाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, स्थानीय स्तर पर सवाल यह उठ रहा है कि यदि अभियान का उद्देश्य समाज के बीच जाकर सेवा और स्वच्छता का संदेश देना है, तो क्या केवल महाविद्यालय परिसर में सफाई कर देना ही पर्याप्त है? बताया गया है कि 'सेवा मेरा योगदान' अभियान 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल किसी एक संस्थान की सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देना है।इसी क्रम में गांवों, शहरों तथा नदी घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने जैसी गतिविधियों पर जोर दिया जाता है। लेकिन आरोप है कि शासकीय महाविद्यालय द्वारा व्यापक क्षेत्र में प्रभावी स्वच्छता अभियान चलाने के बजाय अपने ही परिसर में सीमित गतिविधि कर उसे अभियान की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। सबसे बड़ा सवाल महाविद्यालय परिसर की कथित मौजूदा स्थिति को लेकर उठ रहा है। आरोप है कि परिसर में कई स्थानों पर गंदगी दिखाई देती है। दीवारों पर पान-गुटखे की पीक के निशान होने तथा शौचालयों की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।यदि अभियान के दौरान महाविद्यालय अपने परिसर को ही पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित नहीं रख पा रहा है, तो विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के बीच स्वच्छता का संदेश प्रभावी रूप से कैसे पहुंचेगा—यह सवाल अब चर्चा का विषय बन गया है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया गया है कि परिसर में आरओ सिस्टम लगाया गया है, लेकिन उसके नियमित संचालन और रखरखाव की व्यवस्था प्रभावी नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण प्रक्रिया पर उठे सवाल, एसडीएम से जांच और नाप कराने की मांग

ग्राम कटंगी में निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई को लेकर आपत्ति, आवेदक ने कहा—नियमित नाप के बाद ही हो सड़क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज लांजी। ग्राम कटंगी एवं आसपास के क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्राम रमपुरा निवासी नितिन मुरकुटे पिता व्यंकटेश्वर मुरकुटे ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया की जांच कराने तथा निर्माण से पहले सड़क की विधिवत नाप कराए जाने की मांग की है।आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन में ग्राम कटंगी एवं सहकी कनेक्टिविटी मार्ग के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सड़क निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी लांजी द्वारा कराया जा रहा है। आवेदन में निर्माणाधीन सड़क की चौड़ाई और निर्माण सामग्री डाले जाने के आधार को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है।

आवेदन में कहा गया है कि संबंधित रोड की निर्धारित चौड़ाई के अनुसार निर्माण होना आवश्यक है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा जिस आधार पर सड़क निर्माण सामग्री डाली जा रही है, उसकी चौड़ाई को लेकर आवेदक ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मौके पर वास्तविक स्थिति और स्वीकृत मापदंड में अंतर होने की आशंका है।आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही भूमि एवं सड़क की चौड़ाई की मौके पर विधिवत नाप-जोख कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार किया जा रहा है अथवा नहीं। आवेदन में विशेष रूप से कहा गया है कि सड़क का निर्माण कार्य आगे बढ़ाने से पहले संबंधित विभाग एवं राजस्व अमले की मौजूदगी में सड़क की वास्तविक चौड़ाई की नाप कराई जाए। इसके बाद नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जाए, जिससे भविष्य में ग्रामीणों एवं विभाग के बीच किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।आवेदक का कहना है कि सड़क सार्वजनिक आवागमन से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्माण कार्य है। ऐसे में यदि निर्माण के दौरान निर्धारित चौड़ाई अथवा स्वीकृत मापदंडों का पालन नहीं होता है तो इसका सीधा असर क्षेत्र के ग्रामीणों और आने-जाने वाले लोगों पर पड़ सकता है।

सड़क निर्माण कार्य में सरकारी राशि का उपयोग होता है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, लंबाई-चौड़ाई और स्वीकृत मापदंडों का पालन सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। यही वजह है कि मामले में उठाई गई आपत्ति को लेकर प्रशासन द्वारा निष्पक्ष स्थल निरीक्षण और नाप-जोख कराया जाना जनहित में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।ग्रामीणों का भी कहना है कि सड़क निर्माण जैसे कार्यों में शुरुआत से ही पारदर्शिता रखी जानी चाहिए, ताकि बाद में सड़क की चौड़ाई, गुणवत्ता अथवा निर्माण सामग्री को लेकर विवाद की स्थिति न बने।



जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की व्यवस्था पर सवाल जरूरतमंद मरीजों से डोनर लाने की बात कहे जाने का आरोप

सिवनी। इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में संचालित ब्लड बैंक की व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों के अनुसार, अस्पताल में करीब एक से डेढ़ घंटे तक मौजूद रहने के दौरान ब्लड बैंक के बाहर जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को रक्त के लिए परेशान होते देखा गया।

नागरिकों के अनुसार, ब्लड बैंक के बाहर कई गरीब और जरूरतमंद मरीजों के परिजन रक्त लेने के लिए लाइन में खड़े नजर आए। आरोप है कि कुछ मरीजों के परिजनों से कथित तौर पर कहा जा रहा था कि "ब्लड डोनर लेकर आइए, तभी ब्लड मिलेगा।" ऐसे में सवाल उठता है कि जिन मरीजों के पास डोनर की व्यवस्था करने वाला कोई व्यक्ति नहीं है, उनके लिए रक्त की उपलब्धता कैसे सुनिश्चित की जाएगी।

रक्तदान शिविरों में रक्तदान, जरूरतमंदों तक पहुंच कैसे?

जिले में समय-समय पर सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं द्वारा बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से रक्तदान करते



हैं। ऐसे में नागरिकों का सवाल है कि रक्तदान शिविरों में एकत्रित रक्त का भंडारण, परीक्षण और जरूरतमंद मरीजों तक वितरण किस प्रक्रिया के तहत किया जाता है। रक्त की आवश्यकता गंभीर रूप से बीमार मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों, प्रसूताओं, ऑपरेशन वाले मरीजों और आपातकालीन परिस्थितियों में होती है। ऐसे में गरीब परिवारों के लिए तत्काल डोनर की व्यवस्था करना कई बार बड़ी चुनौती बन जाता है।

अस्पताल में अनदेखी और लापरवाही का आरोप

नागरिकों ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को लेकर अनदेखी और लापरवाही के आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले गरीब और असहाय मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक रक्त समय पर उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन यदि मरीज के परिजनों को ही डोनर की व्यवस्था करने के लिए कहा जाता है तो इससे जरूरतमंद परिवारों की परेशानी बढ़ सकती है।

ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जानकारी सामने लाने के लिए संबंधित अधिकारियों से ब्लड बैंक की मौजूदा रक्त उपलब्धता, रक्त वितरण की प्रक्रिया और बिना डोनर वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए निर्धारित व्यवस्था को सार्वजनिक करने की मांग उठ रही है।सवाल यह है कि जब रक्तदान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद करना है, तो ऐसे गरीब और असहाय मरीज जिनके पास डोनर की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए जिला अस्पताल में क्या वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है?

खबर संक्षेप

सिवनी स्पोर्ट्स लीग तहत आयोजित होगी विविध खेल प्रतियोगिता

सिवनी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सिवनी स्पोर्ट्स लीग 2026 की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, खेल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा बैठक में उपस्थित खेल संघों के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षको से जिले में खेले जाने वाले इंडोर एवं आउटडोर खेलों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्यात्मक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में रसिवनी स्पोर्ट्स लीग 2026र तहत आगामी प्रस्तावित कैलेंडर अनुरूप आयोजित होने वाले विविध खेल एवं खेल प्रतियोगिताओ के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्रीमती मीना ने खेलवार संघ पदाधिकारीयो, प्रशिक्षकों तथा खेल विभाग, ट्राइबल एवं शिक्षा विभाग को स्कूल, कॉलेजों एवं छात्रावासों के छात्र छात्राओं सहित अन्य खिलाड़ियों के मध्य खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन कर खिलाड़ियों का चयन करने की बात कही। उन्होंने इन सभी खेल प्रतियोगिताओ में अधिक से अधिक बालिकाओं की भी सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सिवनी स्पोर्ट्स लीग अंतर्गत आयोजित होने वाले कबड्डी, शतरंज, वॉलीबॉल, जिमनास्टिक, फुटबॉल, बैडमिंटन, किक बॉक्सिंग, कराटे, मलखंब, योगासन, एथलेटिक्स सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओ का भरपूर प्रचार प्रसार कर ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अधिक से अधिक जिले के बालक बालिका खिलाड़ियो का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर रुचि अनुसार खेलों में सहभागिता कराकर भव्य एवं व्यवस्थित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने के निर्देश खेल अधिकारी को दिये।

विनोबा ऐप में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले शिक्षक सम्मानित



सिवनी / जिले में विनोबा ऐप से जिले स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ एवं स्पर्धा अवार्ड में चयनित शिक्षकों को 7 अक्टूबर को जिला शिक्षा केंद्र सिवनी मे जिला परियोजना समन्वयक कृष्णकुमार डहेरिया द्वारा सम्मानित किया गया।जिले में विनोबा ऐप से जिले स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ एवं स्पर्धा अवार्ड में चयनित शिक्षकों में श्रीमती नजमुनिसा खान, संजय कुमार राजक, बेनीराम जंघेला, श्रीमती सुमरवती टेकाम, श्रीमती राजेश्वरी जंघेला, संतोष कुमार बैस, श्रीमती सुनीता राय, श्रीमती रूबी धुर्वे, श्रीमती रामरेखा चौहान, श्रीमती हेमलता अवधिया, श्रीमती कविता जैन, श्रीमती फिरदौसिया खान, श्रीमती परमिला मरस्कोले, ओम नारायण राजपूत, चंद्रप्रकाश राजपूत, श्रीमती कारोना ठाकुर, श्रीमती शर्मिला कच्छवाहा, मुकेश कुमार गोलहानी एवं श्रीमती जयकली ककोडिया* शामिल हैं।जिला परियोजना समन्वयक श्री कृष्णकुमार डहेरिया ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा में हो रहे नवाचार जिले के शैक्षणिक परिदृश्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय के समस्त कार्यों के साथ-साथ अध्यापन को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हम सभी का धर्म और बच्चों के प्रति दायित्व है।इस अवसर पर APC चुनेंद्र बिसेन तथा ओपन लिंक्स फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर श्री विशाल डाहात , प्रोग्राम मैनेजर प्रोजेक्ट अभिजीत वैध, प्रोजेक्ट ऑफिसर नेत्रपाल कटरे एवं सुश्री प्रतीक्षा बघेल भी उपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक महोदय ने उम्मीद जताई कि सभी शिक्षक आगे भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और उत्कृष्ट बनाएंगे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जिले में 8 एवं 9 अक्टूबर को विशेष शिविर होंगे आयोजित

सिवनी। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं, मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों, प्रथम बार पात्र नवीन मतदाताओं एवं एसआईआर प्रक्रिया में कटे मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल किए जाने के लिए दिनांक 07, 08 एवं 09 अक्टूबर 2026 कोसंपूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले के सभी मतदान केंद्रों एवं स्कूलों में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन तीन दिवसों बीएलओ द्वारा घर घर जाकर छूटे हुए एवं नवीन मतदाताओं की पहचान कर नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी साथ ही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कटे हुए नाम एवं छूटे हुए मतदाता तथा नवीन पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी। पात्र मतदाता अपने मतदान केंद्र जाकर फॉर्म -6 में निर्धारित कॉलम में चाही गई जानकारी भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। फॉर्म- 6 में मतदाता को किसी भी प्रकार के घोषणा पत्र की आवश्यकता नहीं देनी होगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मीना ने सभी ईआरओ एवं बीएलओ को 07, 08 एवं 09 अक्टूबर को आयोजित होने विशेष अभियान सह शिविर को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों की जानकारी प्राप्त कर उनके नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थानों, विशेष रूप से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों में विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से मतदाता सहायता मोबाइल एप्लीकेशन एवं मतदाता सेवा पोर्टल के जरिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे विद्यार्थियों तथा 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले के सभी पात्र नागरिकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे विशेष अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे तथा अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ा जा सके।

मनाया गया किशोर स्वास्थ्य दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 05/10/2026 को विकासखंण्ड मंडला एवं निवास विकासखण्ड शासकीय संदीपनी विद्यालय सागर किशोर स्वास्थ्य दिवसर का आयोजन किया गया जिसमे नारायण प्रसाद साहू (सांसद प्रतिनिधि जनजातीय कार्य विभाग), प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग दल (RBSK) डॉ. सविता श्याम मैडम, डॉ. टी. एल. झारिया, मनकक्ष विभाग श्रीमती पारुल अवधिया (नर्सिंग स्टाफ-DH), ANM, CHO, आशा सहयोगी, आशा ,PC सौरभ दुबे एवं उमंग काउंसलर अंजुम निशा उपस्थित थे। विकासखंण्ड निवास के शासकीय संदीपनी विद्यालय हाथीतारा में आयोजन किया गया जिसमे CHO, ANM, RBSK टीम, RKSK काउंसलर विवेक धर द्विवेदी एवं मास्टर ट्रेनर के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बिना झिझक काउंसलर एवं स्वास्थ्यकर्मियों से साझा करने के लिए प्रेरित किया गया एवं उमंग स्वास्थ्य केन्द्र, उमंग हेल्पलाइन 14425, मन कक्ष, मनहित ऐप, Just Ask Chat boot एवं

कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में सुनीं आमजनों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने 114 नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में पहुँचे प्रत्येक आवेदक की समस्या को विस्तार से सुना और उनकी शिकायतों का न्यायोचित समाधान करने की बात कही।

कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में दूरस्थ तहसीलों से आए आवेदकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्री धोटे ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की और उन्हें शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शिरी, एसडीएम मण्डला श्री शैलेंद्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन, श्री राजेश कौशिक, सुश्री रेखा देशमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी

एसडीएम ने पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान एवं गौशाला का किया निरीक्षण

मण्डला। अनुविभागीय अधिकारी मंडला शैलेंद्र चौधरी द्वारा सोमवार को पशुपालन विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य स्तरीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, ग्राम गाजीपुर तथा ग्राम आमानाला स्थित गौशाला का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। ग्राम गाजीपुर स्थित राज्य स्तरीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के निरीक्षण के दौरान श्री चौधरी ने संस्थान में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से संस्थान की गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम आमानाला स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में पशुओं के रख-रखाव, उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित समाजसेवियों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उप संचालक पशुपालन उग्रसेन तिवारी सहित पशुपालन विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

*** संभागीय बैठक आयोजित कराने का निर्णय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



विगत दिवस माहिष्मति घाट मंडला के गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला शाखा मंडला की बैठक जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय की अध्यक्षता में तथा हरि राम कछवाहा, डॉक्टर ओ पी तपा, प्रेमनारायण वारेश्वा, प्रकाश उईके सुनुआ भलावी के आथित्य में आयोजित की गई। प्रारंभ में नवागत पेंशनर्स का स्वागत व सम्मान तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर,शाल व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रकाश सिंह उइके, उ श्रे शिक्षक, प्रेम नारायण वारेश्वा, प्राचार्य, सुनवा सिंह भलावी रि. नायब तहसीलदार, तथा वन विभाग से शिवचरण झरिया का सम्मान किया गया। प्रांतीय अधिवेशन अनूपपुर में गए प्रतिनिधियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। नवपदस्थ प्रांतीय पदाधिकारियों का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, जिसमें सर्व बी के राय वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष, मंगल दास टांडिया प्रांतीय सचिव, एन के शुक्ला प्रांतीय उपाध्यक्ष, एस के पटेल प्रांतीय प्रचार मंत्री, आर के एस चौहान प्रांतीय संयुक्त सचिव, मांगन लाल यादव प्रांतीय संगठन मंत्री, राकेश दीक्षित प्रांतीय सह सचिव, सुरेश कुमार चौधरी को प्रांतीय संगठन मंत्री बनाया गया है। एक प्रस्ताव पारित करते हुए सर्वसम्मति से मंडला में संभागीय बैठक आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। शेष ब्लॉक शाखाओं के गठन एवं सदस्यता वृद्धि पर चर्चा हुई। जिला शाखा अध्यक्ष बी के राय ने 25.09.2026 को गिरते पानी में ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल होने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर प्रेमनारायण वारेश्वा को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान किया गया व नियुक्ति पत्र सोंपा गया। बैठक को बी के राय, मंगल दास टांडिया, डा. ओ पी तपा, हरि राम कछवाहा ने संबोधित किया। बैठक का संचालन राजेश गौतम ने किया। अंत में वरिष्ठ पेंशनर सदस्य मदन मोहन राय के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उपलब्धि 'मालवा नृत्य महोत्सव' एवं 'सबसे कम उम्र की गुरु' अवार्ड से हुईं सम्मानित।

सौम्या खरे ने मालवा नृत्य महोत्सव में रचा इतिहास

*** 500 प्रतिभागियों को पछाड़कर हासिल किया प्रथम स्थान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





इंदौर में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय ऑल इंडिया 23वें कल्चरल नेशनल डांस कॉन्टेस्ट एवं फेस्टिवल 'मालवा नृत्य महोत्सव 2026' में मंडला की बेटी सौम्या खरे ने शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। अखिल नटराजम अंतर सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के महोत्सव में 15 कैटेगरी में करीब 2000 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।

20 वर्षीय सौम्या खरे ने सेमी-क्लासिकल नृत्य की प्रतिस्पर्धा में करीब 500 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रभावशाली नृत्य प्रस्तुति और प्रतिभा के लिए उन्हें 'मालवा नृत्य महोत्सव अवार्ड' के साथ-साथ 'सबसे कम उम्र की गुरु अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया। इतनी कम उम्र में गुरु के रूप में सम्मान मिलना सौम्या की नृत्य साधना और प्रतिभा की विशेष उपलब्धि मानी जा रही है।

सौम्या खरे मंडला के पुनीत मोहन खरे एवं श्रीमती सपना खरे की बेटी हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल करने के साथ दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करना न केवल सौम्या और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे मंडला जिले के लिए गौरव का विषय है।

मालवा नृत्य महोत्सव में भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, रवीन्द्र नाट्यम, आंध्रनाट्यम, पेरिनी नाट्यम, सत्तरिया, मणिपुरी, सेमी-क्लासिकल, भारतीय लोक नृत्य, बॉलीवुड, हिप-हॉप और कंटेम्परेरी सहित 15 नृत्य विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। देशभर से पहुंचे लगभग 2000 प्रतिभागियों ने चार दिनों तक अपनी कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सौम्या खरे की यह उपलब्धि मंडला की युवा नृत्य प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायी है। राष्ट्रीय स्तर पर सेमी-क्लासिकल नृत्य में प्रथम स्थान और सबसे कम उम्र की गुरु का सम्मान प्राप्त कर सौम्या ने अपनी कला के साथ मंडला की सांस्कृतिक पहचान को भी गौरवान्वित किया है।

इनर व्हील क्लब ने वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य

*** बुजुर्गों को वितरित किए दोहर और हाइजीन किट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा 05 अक्टूबर को वृद्धाश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से वृद्धाश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को दोहर वितरित की गईं। साथ ही उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हाइजीन किट का भी वितरण किया गया।

सेवा कार्य के अंतर्गत बुजुर्गों के लिए मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई गई। इस किट में च्यवनप्राश का डिब्बा, विक्स, बाम एवं दर्द निवारक तेल शामिल था। यह मेडिकल किट पूर्णिमा वरुण अग्रवाल के सौजन्य से इनर व्हील क्लब के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था सीमा ज्योतिषी द्वारा तथा शाम के नाश्ते की व्यवस्था सरिता इसरानी एवं आरती बृजपुरिया द्वारा की गई।

इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अनीता गोयल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके साथ समय बिताना, उनकी जरूरतों को समझना और यथासंभव सहयोग करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। क्लब द्वारा आगे भी वृद्धजनों की सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस तरह के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अनीता गोयल, सचिव सरिता इसरानी, अनुराधा चौरसिया, सीमा ज्योतिषी एवं आरती बृजपुरिया सहित क्लब की सदस्य उपस्थित रहीं। सेवा कार्य के दौरान वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने क्लब सदस्यों को शुभ आशीर्वाद दिया और सेवा भावना के लिए आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

जब्त ट्रैक्टर से रेत खाली कर वाहन भगाने का आरोप; रोकने पर वनरक्षक से मारपीट

रेत माफियाओं के हौसले बुलंद! अवैध रेत पर कार्रवाई करने पहुंचे वनरक्षक पर हमला

जातिसूचक गालियां देने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन रोकने के लिए अपनी ड्यूटी निभाना एक वनरक्षक को भारी पड़ गया। पूर्व बैहर (सामान्य) वन परिक्षेत्र के परिक्षेत्र सहायक वृत्त मण्डई अंतर्गत देवरी बीट प्रभारी वनरक्षक संतोष कुमार धुर्वे जब अवैध रेत परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे तो कथित रूप से उनके साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं, आरोप है कि शासकीय कार्रवाई के दौरान जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली से रेत खाली कर वाहन भगाने का प्रयास किया गया और रोकने पर वनरक्षक को सार्वजनिक स्थान पर जातिसूचक गालियां देते हुए हाथ-मुक्कों से पीटा गया।

इस घटना ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है—आखिर कानून का पालन कराने और जंगल की संपदा बचाने के लिए मैदान में उतरे कर्मचारी पर हाथ उठाने की हिम्मत कैसे हुई? यदि अवैध गतिविधि रोकने पहुंचे कर्मचारी को ही निशाना बनाया जाएगा तो मैदानी अमला निर्भय होकर अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाएगा?

घटना 06 अक्टूबर 2026 की है। FIR के अनुसार देवरी बीट प्रभारी संतोष कुमार धुर्वे को सूचना मिली थी कि वन क्षेत्र से अवैध रूप से रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे वन सुरक्षा कर्मियों के साथ मौके के लिए रवाना हुए। बाहिटोला क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई तो उसमें रेत भरी मिली। चालक से रेत के उत्खनन एवं परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन मौके पर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

कार्रवाई शुरू हुई तो साथी को फोन कर मौके पर बुलाया

FIR में दर्ज आरोपों के अनुसार वाहन चालक शाजिद खान ने कार्रवाई के दौरान अपने साथी को फोन कर मौके पर बुलाया। इसके बाद शहजादा खान मौके पर पहुंचा। आरोप है कि दोनों ने वन विभाग की कार्रवाई का विरोध किया और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी रेत को मौके पर खाली कर वाहन लेकर भागने का प्रयास किया। FIR में दोनों आरोपियों के नाम शाजिद खान और शहजादा खान दर्ज ।

वनरक्षक ने रोका तो कथित तौर पर टूट पड़े आरोपी

जब बीट प्रभारी संतोष कुमार धुर्वे ने अपनी शासकीय जिम्मेदारी निभाते हुए वाहन को रोकने का प्रयास किया तो मामला और गंभीर हो गया। FIR के मुताबिक आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। वनरक्षक द्वारा यह बताने के बावजूद कि वे वन विभाग के शासकीय कर्मचारी हैं और अपनी ड्यूटी कर रहे हैं, कथित मारपीट जारी रही। FIR में सार्वजनिक स्थान पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप भी दर्ज है। यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि यहां कथित हमला किसी व्यक्तिगत विवाद को लेकर नहीं, बल्कि अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध की जा रही शासकीय कार्रवाई के दौरान हुआ। वनरक्षक का काम ही वन संपदा की रक्षा और अवैध गतिविधियों को रोकना है। ऐसे में कार्रवाई रोकने के लिए कर्मचारी पर हमला कानून-व्यवस्था के सामने भी गंभीर चुनौती का संकेत देता है।

112 को बुलाना पड़ा, मौके पर पहुंचा वन अमला

परिस्थिति बिगड़ने पर वनरक्षक ने तत्काल डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी और अपने अन्य वन कर्मचारियों को भी सूचित किया। FIR में दर्ज घटनाक्रम के अनुसार पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी वाहन लेकर मौके से चले गए। बाद में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे और घायल वनरक्षक के साथ थाना मलाजखंड जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

शाजिद खान और शहजादा खान पर गंभीर धाराओं में FIR

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मलाजखंड पुलिस ने FIR क्रमांक 0169/2026 दर्ज की है। आरोपी शाजिद खान एवं शहजादा खान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 115(2), 132, 296(b), 3(5) एवं 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एवं 3(2)(va) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सवाल सिर्फ एक वनरक्षक का नहीं, पूरे मैदानी अमले की सुरक्षा का

घटना ने वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। जो कर्मचारी जंगल में अवैध कटाई, उत्खनन और परिवहन रोकने के लिए दिन-रात गश्त करते हैं, यदि उन्हीं पर कार्रवाई के दौरान हमला होने लगे तो अवैध गतिविधियों पर अंकुश कैसे लगेगा।

पोर्टल से गायब सैकड़ों रकबे, 15 हजार किसान हलाकान

पंजीयन या किसानों की अग्निपरीक्षा..!





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बेचने के लिए पंजीयन प्रक्रिया चल रही है। शासन ने इसके लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक की समय-सीमा तय की है। प्रदेश भर में 1100 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। दावा है कि किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों और सहकारी समितियों पर निःशुल्क और एमपी ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केंद्र पर 50 रुपये शुल्क देकर और घर बैठे एमपी किसान एप ई-उपार्जन पोर्टल से पंजीयन करा सकते हैं। लेकिन बालाघाट जिले कटंगी तहसील में यह सुविधा सिरदर्द बन गई है। जिले में 25 सितंबर से शुरू हुई पंजीयन प्रक्रिया में तकनीकी खामियों ने किसानों और सहकारी समिति कर्मचारियों की नाक में दम कर रखा है। बुधवार को हमने कटंगी और तिरोड़ी क्षेत्र की समितियों पर जमीनी हकीकत टटोली, तो सिस्टम की पोल खुल गई। सबसे बड़ी समस्या ओटीपी की है। आधार सत्यापन के लिए ओटीपी जरूरी है, लेकिन किसानों के मोबाइल पर समय पर ओटीपी आती ही नहीं। अगर दो बार ओटीपी जनरेट की गई तो तीसरी बार सिस्टम पंजीयन को ही लॉक कर दे रहा है। समिति कर्मचारियों ने बतायाएक किसान का पंजीयन करने में आधा घंटे से भी ज्यादा समय लग रहा है। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगे रहते हैं, फिर भी 15-20 से ज्यादा पंजीयन नहीं हो पाते। किसान लाइन में खड़ा-खड़ा थक जाता है। किसानों का कहना है कि वह 3-4 दिन से लगातार समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन नंबर ही नहीं आ रहा।

ई-गिरदावरी और जमीन का रिकॉर्ड गायब-

दूसरी और सबसे गंभीर समस्या जमीन के रकबे को लेकर है। शासन के निर्देश अनुसार पंजीयन में बोई गई फसल और भूमि की जानकारी ई-गिरदावरी और भू-अभिलेख से ली जा रही है। लेकिन पोर्टल पर कई किसानों का पूरा रकबा ही शो नहीं हो रहा। किसी का 2 एकड़ में से 1 एकड़, किसी का पूरा खेत ही गायब। ऐसे में किसान पूरे रकबे का पंजीयन नहीं करा पा रहे। नियम है कि जितना रकबा दर्ज होगा, उसी अनुपात में एमएसपी पर धान खरीदी होगी। अगर रकबा कम दर्ज हुआ तो बाकी फसल मंडी में औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ेगी। किसान जब समिति से पूछते हैं तो जवाब मिलता है पटवारी से मिलो। पटवारी के पास जाओ तो वह कहता है मैंने तो पूरी जानकारी अपलोड कर दी है, पोर्टल की गलती है। किसान राजस्व कार्यालय और समिति के बीच फुटबॉल बना हुआ है।

13 समितियों पर 15 हजार किसानों का भार

कटंगी और तिरोड़ी तहसील में कुल 13 सहकारी समितियां हैं कटंगी, जराहमोहगांव, सिरपुर, खैरलांजी, मानेगांव, अतरी-सावंगी, बनेरा, महकेपार, धनकोषा, बम्हनी, नांदी, परसवाड़ाघाट, टेकाड़ी (नंदोरा)। इन पर 15 हजार से अधिक किसान आश्रित हैं।

राजनीतिक बयानबाजी तेज

किसानों से जुड़े इस मुद्दे पर सियासत भी गरमा गई है। पूर्व सांसद कांग्रेस नेता बोधसिंह भगत ने कहा धान खरीदी सरकार के गले की फांस बन गई है। सरकार धीरे-धीरे इससे छुटकारा पाना चाहती है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सिवनी में भावांतर में धान शामिल करने की बात कहते हैं, उनके नेता कुछ और कहते हैं। जानबूझकर देरी से पंजीयन शुरू किया गया और अब पोर्टल फेल है। रकबे नहीं दिख रहे। इससे किसान एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाएगा और उसे औने-पौने दाम पर बेचना पड़ेगा। हम मांग करते हैं कि पंजीयन की तिथि बढ़ाई जाए। अगर सरकार कोताही बरतेगी और किसान आंदोलन करेगा तो कांग्रेस सड़क पर उतरेगी। वहीं, विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा मेरे संज्ञान में भी पंजीयन की समस्या आई है। इस संबंध में वरिष्ठ स्तर पर चर्चा की जा रही है। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं, समाधान निकाला जाएगा। बहरहाल, अगर समय रहते सिस्टम नहीं सुधरा तो इस साल बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य से वंचित रह जाएंगे और इसका खामियाजा आने वाले चुनाव में भी देखने को मिल सकता है।

जिले में 7.22 लाख से अधिक हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य

शासकीय हाईस्कूल भटेरा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2026-27 के तहत मंगलवार को शासकीय हाईस्कूल भटेरा में जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शत्रुघ्न सिंह दाहिया ने स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज महाजन, जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियव्रत सोनकर, प्राचार्य श्रीमती बाशंति मंडलेकर, डीपीएम श्री संजय तुरकर सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ. दाहिया ने बताया कि जिले में 7 लाख 22 हजार 647 हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5,98,827 बच्चे तथा 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 1,23,828 गैर-गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। अभियान 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में तथा 9 अक्टूबर को दवा से वंचित हितग्राहियों के लिए मॉप-अप दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शत्रुघ्न सिंह दाहिया ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के पोषण, शारीरिक विकास, एकाग्रता और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। अभियान के तहत विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य चिन्हित संस्थानों में स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दवा खिलाई जाएगी। उन्होंयने अभिभावकों से बच्चों को निर्धारित दिवस पर कृमिनाशक दवा दिलाने तथा हाथ धोने, स्वच्छ पानी पीने, नाखून साफ रखने और खुले में शौच से बचने जैसी स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने की अपील की।

NTCA की SOP के तहत हुआ शव परीक्षण, जैविक नमूने जांच के लिए जबलपुर भेजे

कान्हा टाइगर रिजर्व में उपचाराधीन मादा बाघ की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कान्हा टाइगर रिजर्व के मुक्की परिक्षेत्र स्थित वन्य प्राणी उपचार केंद्र में उपचाराधीन एक मादा बाघ शावक की 6 अक्टूबर को मृत्यु हो गई। बाघ शावक को करीब डेढ़ माह पहले वन क्षेत्र में अकेले और अत्यंत कमजोर अवस्था में देखा गया था। इसके बाद वन विभाग द्वारा उसकी जीवन रक्षा एवं स्वास्थ्य सुधार के लिए लगातार उपचार किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, गश्ती दल ने 26 अगस्त को मादा बाघ शावक को वन क्षेत्र में अकेले और कमजोर शारीरिक अवस्था में पाया था। इसके बाद उसे उपचार केंद्र में लाकर 27 अगस्त से वन्य प्राणी चिकित्सा विशेषज्ञों की निगरानी में उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकीय देखरेख के बावजूद 6 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के प्रावधानों के अनुसार 7 अक्टूबर को मादा बाघ का शव परीक्षण किया गया। कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सा अधिकारी तथा बैहर के पशु चिकित्सक ने संयुक्त रूप से पोस्टमार्टम किया। शव परीक्षण के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत शवदाह की कार्रवाई भी संपन्न की गई।

शव परीक्षण के दौरान आवश्यक शारीरिक अंगों एवं जैविक नमूनों को फोरेंसिक एवं पैथोलॉजिकल जांच के लिए जबलपुर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही बाघ की मृत्यु के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शव परीक्षण एवं शवदाह की कार्रवाई के दौरान कान्हा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक (कोर), सहायक संचालक (हालोन), मुक्की परिक्षेत्र अधिकारी, NTCA प्रतिनिधि श्री रंजीत सत्रसुलय, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प के अंतर्गत "सेवा ज्योति कलश यात्रा" निकाली

किरनापुर। शास. स्व. दिलीप भटेरे महाविद्यालय, किरनापर में सेवा संकल्प कार्यक्रम–2026 का आयोजन सेवा ज्योति कलश यात्रा के नोडल अधिकारीः सहायक प्राध्यापक पल्लवी रिनाहितेकार्यक्रम समन्वयकः सहायक प्राध्यापक श्री वरेण्य सिरसाटे दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प कार्यक्रम–2026 के अंतर्गत "सेवा ज्योति कलश यात्रा" का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, जनसहभागिता एवं सामाजिक समरसता की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था।सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे लांजी से हुआ। यात्रा लांजी से प्रारंभ होकर बालाघाट पहुँची, पश्चात सेवा ज्योति कलश यात्रा पुनः बालाघाट से लांजी की ओर रवाना हुई।

सरपंच समेत अन्य लोगों पर धमकाने, जातिसूचक शब्द कहने और फेंसिंग कर आवागमन बाधित करने के आरोप, जनसुनवाई के बाद प्रशासन ने काम रोकने के दिए निर्देश

शिकायत के बाद रास्ता रोकने का आरोप, ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मौदा में वित्तीय वर्ष के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार की शिकायत अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनने का आरोप सामने आया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट को आवेदन सौंपकर ग्राम पंचायत मौदा के सरपंच मनमोहन वैद्य, मधुसूदन मारवाडी सहित अन्य लोगों पर रास्ता रोकने, धमकाने, फेंसिंग कर आवागमन बाधित करने तथा कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले ने गांव की राजनीति के साथ-साथ प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम पंचायत मौदा के निवासी हैं। कुछ समय पूर्व उनके द्वारा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर जनपद पंचायत किरनापुर में लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद मामले की जांच के लिए संबंधित अधिकारी गांव पहुंचे थे। आरोप है कि जांच की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही शिकायतकर्ताओं और उनके परिवारों पर दबाव बनाने का सिलसिला शुरू हो गया।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सरपंच मनमोहन वैद्य, मधुसूदन मारवाडी तथा अन्य लोगों द्वारा ग्रामीणों के आने-जाने वाले रास्ते पर फेंसिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया गया तो ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित होगा। आवेदन में यह भी आरोप है कि रास्ते को लेकर विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया और कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।मामले को लेकर शिकायतकर्ताओं ने 6 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के माध्यम से भी शिकायत प्रस्तुत की। आवेदन के अनुसार जनसुनवाई के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके की स्थिति का परीक्षण किया गया तथा फेंसिंग का कार्य रोकने के निर्देश दिए गए। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इसके बावजूद विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ।

आवेदन में आगे उल्लेख किया गया है कि उसी दिन रात करीब 8 बजे मंदिर से लाउडस्पीकर के माध्यम से कथित तौर पर ग्रामीणों को सूचना दी गई कि माता मंदिर में फेंसिंग का कार्य किया जाएगा। इसके बाद मामले को लेकर गांव में तनाव जैसी स्थिति बनने की बात शिकायतकर्ताओं ने कही है। आवेदन में मधुसूदन मारवाड़े पर ग्रामीणों को कथित रूप से भड़काने तथा पूर्व में हुई शिकायत को लेकर दबाव बनाने का आरोप भी लगाया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी शासकीय अथवा सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण या फेंसिंग की जा रही है तो उसकी वैधानिक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। वहीं, यदि किसी शिकायतकर्ता ने पंचायत के वित्तीय कार्यों में अनियमितता को लेकर शिकायत की है तो जांच निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए, न कि शिकायत करने वालों पर कथित दबाव बनाया जाए।मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि शिकायत के बाद ग्रामीणों के रास्ते को लेकर विवाद क्यों खड़ा हुआ और फेंसिंग की अनुमति किस आधार पर दी गई? यदि प्रशासन ने जनसुनवाई के बाद कार्य रोकने के निर्देश दिए हैं तो इसके बाद भी विवाद की स्थिति क्यों बनी, यह जांच का विषय है।

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन के साथ कलेक्टर कार्यालय में दिए गए आवेदन की छायाप्रति, व्हाट्सऐप ग्रुप के स्क्रीनशॉट तथा रास्ते की फोटो सहित अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।एक ओर पंचायत के वित्तीय कार्यों की शिकायत की जांच का सवाल है, तो दूसरी ओर शिकायतकर्ताओं के रास्ते और सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच ही यह स्पष्ट करेगी कि लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और विवाद के पीछे वास्तविक कारण क्या है।

मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

शास.उच्च.माध्य.विद्यालय ददिया बालाघाट की छात्रा दीनू बोपचे ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



'सेवा संकल्प अभियान' विकसित भारत-2047 की थीम पर 21 सितम्बर से 25 सितम्बर तक आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्रा कु. दीनू बोपचे पिता श्री पूनम चंद बोपचे कक्षा-12वीं गणित संकाय ने राज्य-स्तर चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। 06 अक्टूबर को शासः मॉडल स्कूल भोपाल में आयोजित भव्य सम्मान-समारोह कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह जी के कर कमलों से छात्रा को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्रा की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री आर.के.बेलेकर बवं स्टॉफ की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

